**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत जनपद झाँसी में कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी महोदय, झाँसी की अध्यक्षता में दिनांक 06.03.2025 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त।**

दिनांक 06.03.2025 को जिलाधिकारी महोदय, झाँसी की अध्यक्षता में जनपद झाँसी की जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में निम्नानुसार सदस्य/अधिकारी उपस्थित रहें :–

| क्र0 सं0 | अधिकारी का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री जुनैद अहमद | मुख्य विकास अधिकारी, झाँसी। |
| 2 | श्री योगेन्द्र कुमार | अपर जिलाधिकारी (न.ग.), झाँसी। |
| 3 | श्री सुनील कुमार | जिला विकास अधिकारी, झाँसी। |
| 4 | श्री रणविजय सिंह | अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्या., उ.प्र. जल निगम, झाँसी। |
| 5 | श्री मुकेश पाल सिंह | अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय), झाँसी। |
| 6 | श्री योगेश कुमार | अधिशासी अभियन्ता, बेतवा प्रखण्ड, सिंचाई विभाग, झाँसी। |
| 7 | श्री संदीप शर्मा | सहा.अभि. प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., झाँसी। |
| 8 | श्री अर्जुन ठाकुर | टीम लीडर, पी.एम.सी., झाँसी। |
| 9 | श्री राजेश गुप्ता | टीम लीडर, टी.पी.आई., झाँसी। |
| 10 | श्री फैजल सलामत | डिप्टी टीम लीडर, टी.पी.आई., झाँसी। |
| 11 | श्री आर.एल. रमेश | डी.जी.एम., मेसर्स एन.सी.सी., झाँसी। |
| 12 | श्री सुमित गुप्ता | बी.जी.सी.सी., झाँसी। |
| 13 | श्री वाई.एन. तिवारी | यूनिप्रो टेक्नो इन्फ्रा, झाँसी। |
| 14 | श्री अक्षय जाट | डी.पी.एम., डारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रा0 |
| 15 | श्री ओ.वी.एस.एस. मूर्ति | ए.जी.एम., मेसर्स आई.एच.पी., झाँसी। |

जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा में निम्न बिन्दुओं पर निर्देशित किया गया :–

- <u>जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद झाँसी में निर्माणाधीन 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के कार्यों की समीक्षा।</u>

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद झाँसी में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनायें निर्माणाधीन है, जिनके कार्यों की अद्यतन प्रगति निम्नानुसार है :–

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन गुलारा, पुरवा एवं बड़वार ग्राम समूह पेयजल योजनाओं में विधान सभा क्षेत्र बबीना एवं मऊरानीपुर के सम्मिलित ग्रामों में अनुबन्धित फर्म द्वारा कराये गये गृह संयोजनों (FHTC) एवं सड़क पुर्नस्थापना सम्बन्धी कार्यो का विवरण जिलाधिकारी महोदय, झाँसी के पत्रांक 307/जल जीवन मिशन–कार्य–92/15 दिनांक 03.03.2025 एवं 308/जल जीवन मिशन–कार्य–92/16 दिनांक 03.03.2025 के माध्यम से श्री राजीव सिंह "पारीछा" जी, माननीय विधान, विधान सभा क्षेत्र, बबीना एवं एवं श्रीमती रश्मि आर्या जी, माननीय विधायक, विधान सभा क्षेत्र–मऊरानीपुर को अपने स्तर से सत्यापन कराने हेतु प्रेषित की जा चुकी है, ताकि यदि अभी भी उक्त योजनाओं के कार्यों में किसी प्रकार की कमी इंगित होती है, तो उसे फर्म के माध्यम से सही कराया जा सकें।

<u>बघावली ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यो को पूर्ण किया जा चुका है। योजना में सम्मिलित 37 ग्रामों में से 36 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत काया गया कि योजना का पुनः Functionality Test कराया गया है, जिसमें प्राप्त परिणामों के अनुसार योजनान्तर्गत 91 प्रतिशत गृह संयोजनों मे जलापूर्ति की जा रही है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा योजना

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with CamScanner

के कार्यो हेतु अनुबन्धित फर्म के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि विशेष प्रयास करते हुये योजनान्तर्गत सम्मिलित ग्रामों में शत–प्रतिशत गृह संयोजनों में जलापूर्ति करना सुनिश्चित करें।

<u>सिलैथा ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। योजना में सम्मिलित 25 ग्रामो से 24 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि योजना का पुनः Functionality Test कराया गया है, जिसमें प्राप्त परिणामों के अनुसार योजनान्तर्गत 93 प्रतिशत गृह संयोजनों मे जलापूर्ति की जा रही है।

<u>बुढ़पुरा ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। योजना मे सम्मिलित 59 ग्रामों मे से 48 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य किया जा चुका है। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि योजना का पुनः Functionality Test कराया गया है, जिसमें प्राप्त परिणामों के अनुसार योजनान्तर्गत 79 प्रतिशत गृह संयोजनों मे जलापूर्ति की जा रही है। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा योजना के कार्यो हेतु अनुबन्धित फर्म के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि विशेष प्रयास करते हुये योजनान्तर्गत सम्मिलित ग्रामो में शत–प्रतिशत गृह संयोजनों में जलापूर्ति करना सुनिश्चित करें। ताकि पत्रावली तैयार कर उच्चाधिकारियों /शासन को अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा सकें।

<u>इमलौटा ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित समस्त सिविल कार्यो को पूर्ण किया जा चुका है। 7600 नग गृह संयोजनो के माध्यम से योजना में सम्मिलित कुल 87 ग्रामों में से 51 ग्रामों में आंशिक एवं 34 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। 19659 नग एच.एस.सी. एवं 12600 नग एफ.एच.टी.सी. का कार्य पूर्ण किया चुका है तथा 05 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य किया जा चुका है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत निर्मित 13 नग ओवर हैड टैंकों को भर दिया गया है। परन्तु ग्रामों में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ नही की गयी है, जिस पर योजना के कार्यो हेतु अनुबन्धितं फर्म के जी.एम. श्री सुमित गुप्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि मार्च–2025 तक योजना के समस्त ग्रामों में शत–प्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।

<u>टेहरका–बरथरी ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत 2 नग इन्टेक वेल, 2 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 27 नग ओवर हैड टेक, 20 नग सी.डब्लू.आर., 5.12 किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 188.275 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 1239.45 किमी. वितरण प्रणाली तथा 54860 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष 02 नग इन्टेक वेल–100%, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट–95%, 27 नग ओवर हैड टेक–95%, 20 नग सी.डब्लू.आर.–95%, 5.57 किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 271.37 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 1381.50 किमी. वितरण प्रणाली, 44360 नग एच.टी.सी. (अक्रियाशील एफ.एच.टी.सी.) कार्य पूर्ण किया जा चुका है। टेहरका ग्रा.स.पे.यो. में 6700 नग क्रियाशील गृह संयोजन (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से योजना में सम्मिलित 19 नग एवं बरथरी ग्रा.स.पे.यो. में 5200 नग क्रियाशील गृह संयोजन (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से योजना में सम्मिलित 14 नग ग्रामों में शुद्व पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। योजनाओं के कार्यो हेतु अनुबन्धित फर्म मैसर्स वी.जी.सी.सी. के जी.एम. श्री सुमित गुप्ता द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत निर्मित ओवर हैड टैंको को पाइप लाइन से जोड़े जाने का कार्य प्रगति पर है, जिसे पूर्ण कराते हुये टेहरका योजना के कार्यो को 15 अप्रैल, 2025 तक तथा बरथरी ग्राम समूह पेयजल योजना के समस्त कार्यो को 15 मई, 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with CamScanner

कुरैठा ग्राम समूह पेयजल योजना :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। योजना में सम्मिलित 74 ग्रामों से 71 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि योजना का पुनः Functionality Test कराया गया है, जिसमें प्राप्त परिणामों के अनुसार योजनान्तर्गत 65 प्रतिशत गृह संयोजनों में जलापूर्ति की जा रही है। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा योजना के कार्यों हेतु अनुबन्धित फर्म के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि विशेष प्रयास करते हुये योजनान्तर्गत सम्मिलित ग्रामों में कम से कम 95 प्रतिशत गृह संयोजनों में जलापूर्ति करना सुनिश्चित करें। ताकि पत्रावली तैयार कर उच्चाधिकारियों/शासन को अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा सके। साथ ही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों के कारण जलापूर्ति बन्द 06 ग्रामों में से 02 ग्राम में जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी गयी है। परन्तु शेष पाइप लाइन मरम्मत हेतु आवश्यक सामग्री लोक निर्माण विभाग, झाँसी द्वारा वर्तमान तक उपलब्ध नही करायी गयी, जिसके शेष 04 ग्रामों की जलापूर्ति वर्तमान में भी बन्द है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा रोष व्यक्त करते हुये बैठक में उपस्थित लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियन्ता श्री संदीप शर्मा को निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन मरम्मत हेतु आवश्यक सामग्री अथवा धनराशि अविलम्ब जल निगम (ग्रामीण) को उपलब्ध कराते हुये आगामी बैठक से पूर्व उक्त पाइप लाइन मरम्मत का कार्य पूर्ण कराते हुये शेष 04 ग्रामों जलापूर्ति प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें।

पुरवा ग्राम समूह पेयजल योजना :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। मात्र 15 नग एच.एस.सी. संयोजनों को एफ.एच.टी.सी में परिवर्तित करने का कार्य शेष है। वर्तमान में योजना में समस्त ग्रामों में पेयजल आपूर्ति की जा रही है। योजना में सम्मिलित 32 ग्रामों में से 32 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत काया गया कि योजना का पुनः Functionality Test कराया गया है, जिसमें प्राप्त परिणामों के अनुसार योजनान्तर्गत 96 प्रतिशत गृह संयोजनों मे जलापूर्ति की जा रही है।

बडवार ग्राम समूह पेयजल योजना :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यो को पूर्ण किया जा चुका है। योजना हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में सम्मिलित 58 ग्रामों में शत–प्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ करते हुये 58 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण कराते हुये योजना में सम्मिलित समस्त ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही है।

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन (रिट्रोफिटिंग/पुर्नगठन/नई योजनायें) 04 पैकेजों की समीक्षा की गयी, जिसके सापेक्ष अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया, कि–

पैकेज संख्या–01 में सम्मिलित पेयजल योजनान्तर्गत प्रस्तावित 85.98 किमी. पाइप लाइन के सापेक्ष 59.58 किमी. पाइप लाइप की आपूर्ति प्राप्त करते हुये 55.197 किमी. पाइप लाइन बिछाने तथा 6404 नग गृह संयोजनों के सापेक्ष 5492 नग गृह संयोजनों का कार्य पूर्ण कराते हुये पैकेज में सम्मिलित ग्रामों की आंशित जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है, जिस पर अपर जिलाधिकारी (न.गं.), झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा दिनांक 04.02.2025 को योजना में सम्मिलित ग्रामों का स्थलीय निरीक्षण किया गया, जिसमें पाया गया कि पैकेज में सम्मिलित किसी भी योजना में नियमित जलापूर्ति नही की जा रही है तथा योजनान्तर्गत अभी भी बहुत से कार्य अवशेष है, जिस पर पैकेज के कार्यो हेतु अनुबन्धित के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया है कि धनाभाव के कारण योजना के कार्यो की प्रगति धीमी है। परन्तु मार्च–25 के

Scanned with OKEN Scann

Scanned with CamScanner

अन्त तक पैकेज में सम्मिलित कुल 16 नग ग्रामों में 12 ग्रामों में पूर्ण क्षमता पर जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी एवं शेष
02 ग्रामों में मई–2025 तक जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी।
पैकेज संख्या–02 में सम्मिलित पेयजल योजनाओं में प्रस्तावित 60.032 किमी. वितरण प्रणाली के सापेक्ष 48.195 किमी.
पाइप की आपूर्ति प्राप्त करते हुये 48.15 किमी. पाइप लाइन बिछाने तथा 0724 नग गृह संयोजनों के सापेक्ष 5242 नग
गृह संयोजनों का कार्य पूर्ण कराते हुये पैकेज में सम्मिलित ग्रामों की आंशिक जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है। पैकेज के
लगभग समस्त कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। कुछ ग्रामवासियों द्वारा गृह संयोजन न लिये जाने के कारण गृह
संयोजन के शत–प्रतिशत कार्य को पूर्ण नहीं किया जा पा रहा है।
पैकेज संख्या–03 में सम्मिलित पेयजल योजनाओं में प्रस्तावित 104.95 किमी. वितरण प्रणाली के सापेक्ष 91.246 किमी.
पाइप की आपूर्ति प्राप्त करते हुये 84.826 किमी. पाइप लाइन बिछाने तथा 3515 नग गृह संयोजनों के सापेक्ष 3001 नग
गृह संयोजनों का कार्य पूर्ण कराते हुये पैकेज में सम्मिलित ग्रामों की आंशिक जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है। पैकेज में
सम्मिलित पेयजल योजनाओं बरौर ग्राम समूह पेयजल योजना में प्रस्तावित 300 किली. क्षमता के अवर जलाशय का
कार्य पूर्ण किया जा चुका है। पैकेज में सम्मिलित पहाड़ी खिरक ग्राम समूह पेयजल योजना में सम्मिलित दोनों मजरों में
जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन पुरवा ग्राम समूह पेयजल योजना के माध्यम जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी
गयी है। योजना के कार्यों हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि आगामी 01 सप्ताह में पैकेज
के शेष कार्यों को पूर्ण कर दिया जायेगा।
पैकेज संख्या–04 में सम्मिलित 02 नग योजनाओं में प्रस्तावित 02 नग ओवर हैड टैंक के कार्य क्रमशः 90 एवं 95
प्रतिशत एवं 02 नग सी.डब्लू.आर. के कार्य क्रमशः 95–95 प्रतिशत पूर्ण किये जा चुके है। पैकेज में प्रस्तावित वितरण
प्रणाली बिछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। पैकेज के अवशेष कार्यों को माह के अन्त तक पूर्ण करा लिया जायेगा।
अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्यालय स्तर से उक्त पैकेज के सापेक्ष कराये
गये कार्यों का विगत कई महिनों से भुगतान न होने के कारण योजनाओं के कार्यों की प्रगति धीमी है। जिस पर
जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा निर्देशित किया गया योजना के कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जायें।

जनपद झाँसी में निर्माणाधीन जनरल विपिन रावत डिफेन्स कॉरीडोर झाँसी नोड़ की जलापूर्ति हेतु
निर्माणाधीन योजना के कार्यों की समीक्षा की गयी, जिस पर अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत
कराया गया कि योजनान्तर्गत प्रस्तावित इन्टेक वेल के कार्य 90 प्रतिशत, 350 मिमी. व्यास की रॉ–वाटर राईजिंग मेन
बिछाने का कार्य 85 प्रतिशत, 1300 किली. क्षमता के आर.डब्लू.आर. कम पम्प हाउस का निर्माण कार्य 70 प्रतिशत,
1.50 एम.एल.डी. क्षमता के वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट का कार्य 70 प्रतिशत, 650 किली. क्षमता की स्वच्छ जलाशय का कार्य
70 प्रतिशत तथा वाटर वर्क्स कैम्पस की बाउण्ड्री वाल निर्माण कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान तक
योजना के 85 प्रतिशत एवं विद्युत/यॉत्रिक सम्बन्धी कार्य लगभग 20 प्रतिशत पूर्ण किये जा चुके है। परन्तु विद्युत
संयोजन प्राप्त न होने के कारण योजना के जलापूर्ति प्रारम्भ नही हो सकी है। जिस पर अधिशासी अभियन्ता (वि./यॉ.),
जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अगवत कराया गया कि योजना पर विद्युत संयोजन हेतु वांछित प्रायकलन विद्युत विभाग को
प्रेषित किया जा चुका है। द्वितीय चरण के अन्तर्गत प्रस्तावित 03 नग ओवर हैड टैंकों का कार्य स्टेजिंग स्तर तक पूर्ण
किये जा चुके है। टॉप डोम का कार्य प्रगति पर है। वर्तमान में योजना के 50 प्रतिशत कार्यो को पूर्ण किये जा चुके है।
शेष कार्यो को मई–2025 तक पूर्ण करा लिया जायेगा।

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with CamScanner

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद झाँसी में अमृत कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन झाँसी महानगर पेयजल पुनर्गठन योजना के कार्यों की समीक्षा की गयी, जिस पर अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय) द्वारा अवगत कराया गया कि झाँसी महानगर पेयजल पुनर्गठन योजना (प्रथम चरण) के समस्त कार्य पूर्ण किये जा चुके है तथा झाँसी महानगर पेयजल पुनर्गठन योजना (द्वितीय चरण) के कार्यों के अन्तर्गत इन्टेक वेल पर एप्रोच ब्रिज एवं पम्प अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण किया चुका है तथा पहाड़ी पर मात्र 62 मीटर कार्य शेष बचा है, जिसे 31 मार्च, 2025 तक पूर्ण करा दिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा विगत माह के सापेक्ष कम प्रगति प्राप्त करने पर रोष व्यक्त करते हुये योजना के कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता जल निगम (नगरीय) को निर्देशित किया गया।

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय), झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि गुरसरांय-गरौठा नगर पेयजल योजनान्तर्गत फुट-ब्रिज का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। पम्प अधिष्ठापन का कार्य प्रगति पर है तथा जनपद झाँसी के अन्य नगर जैसे-बरूआसागर, गुरसरांय, मोंठ एवं समथर में पेयजल आपूर्ति सम्बन्धी निर्माण कार्यों को कराया जा रहा है, जिन्हें जुलाई-2025 तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है। अन्य नगरों में पेयजल योजनाओं के कार्यों की निविदा प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है एवं सर्वे/डिजाईन का कार्य प्रगति पर है।

अन्ततः धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गयी।

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झाँसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

अनुमोदित
जिलाधिकारी/
अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
झाँसी।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी।

पत्रांक-518/एम-28/एस0टी0/नमामि गंगे/कार्यवृत/2025/55 दिनांकः 28. मार्च, 2025

प्रतिलिपि- निम्नांकित को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

1- मा0 प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति उ0 प्र0 शासन, लखनऊ।

2- अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।

3- जिलाधिकारी महोदय, झाँसी।

5- समस्त सम्बंधित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झाँसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with CamScanner